कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) मध्यप्रदेश
कक्ष-स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स म.प्र.

E-mail—pccfwl@mp.gov.in

स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश इकाई शिवपुरी के शासकीय सेवक
''द फतेह सिंह राठौर वाइल्ड लाईफ कन्जर्वेशन अवार्ड 2026'' से सम्मानित

प्रेस विज्ञप्ती (**13/26, दिनांक 02.03.2026)**

माननीय मुख्यमंत्री जी मध्यप्रदेश के नेतृत्व में प्रदेश के वन विभाग द्वारा वन, वन्यजीव एवं जैविविधता संरक्षण के क्षेत्र में लगतार नए आयाम तय किये जा रहे है, इसी दिशा में वन विभाग के अंतर्गत गठित स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश की शिवपुरी इकाई प्रभारी श्री राजू सिंह राजपूत वनक्षेत्रपाल व व पदस्थ श्री राजुकमार शर्मा, श्री ब्रिजेश राजपूत, श्री कमल सिंह सेनवार व श्री विकास खत्री वनरक्षकों को **''द फतेह सिंह राठौर वाइल्ड लाईफ कन्जर्वेशन अवार्ड 2026''** प्रदान किया गया। यह पुरस्कार 01 मार्च 2026 को सवाई माधोंपुर में टाइगर वॉच संस्था एवं स्थानीय वन विभाग के द्वारा आयोजित समारोह, में प्रदान किया गया, जिसमें प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख राजस्थान एवं देश के प्रतिष्ठित वन्यजीव विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

उक्त अवार्ड प्रतिवर्ष विश्व के जानेमाने वन्यजीव विशेषज्ञ व वनाधिकारी स्वर्गीय श्री फतेह सिंह राठौर की स्मृति में प्रदान किया जाता है। उक्त अवार्ड रणथम्भोर टाइगर रिजर्व व उसके आसपास के क्षेत्रों में वन्यजीव बाघ व अन्य वन्यजीवों की सुरक्षा व संरक्षण की दिशा में किये गये उच्च स्तर के कार्य हेतु प्रदान किया जाता है। उक्त अवार्ड के अंतर्गत एसटीएसएफ इकाई शिवपुरी के सभी **05 शासकीय सेवको को प्रशस्ति पत्र व सभी को 10-10 हजार रूपये** (कुल पचास हजार रूपये) की राशि प्रदान की गई।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) मध्यप्रदेश के सतत मार्गदर्शन एवं प्रभारी अधिकारी स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स के के नेतृत्व में विगत कुछ वर्षो में वन एवं वन्यजीव अपराधों में लिप्त कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश कर लगभग एक हजार से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इन इकाई द्वारा किये गये वन्यजीव संरक्षण कार्य की सराहना न केवल प्रदेश, देश बल्कि देश के बाहर भी की गई है। अंतर्राष्ट्रीय पुलिस संगठन (इंटरपोल) द्वारा 04 बार एसटीएसएफ की प्रशंसा की गई है, यह अवार्ड स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स व उसकी अनिस्थ 04 क्षेत्रिय इकाईयों के समस्त सदस्यों, प्रदेश वन विभाग के समस्त अधिकारियों एवं साथियों को समर्पित किया है।

अधिकृत अधिकारी
कार्यालय प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (वन्यजीव)
मध्यप्रदेश,भोपाल